an>

Title: Need to give water to rural arrears of Agra district from chambal river under 'Jal Jeevan Mission'.

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : माननीय सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। सबसे पहले तो मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने 'जल जीवन मिशन' को देकर पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूरे देश को एक तोहफा दिया है। मैं आपका ध्यान आगरा जनपद, विशेषकर अपने लोक सभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी की ओर दिलाना चाहता हूं। हमारे यहां जल स्तर बहुत नीचे चला गया है और पानी की बहुत ही गम्भीर समस्या है। यह समस्या आज की नहीं है, यह समस्या अकबर के जमाने से चले आ रही है। अकबर फतेहपुर सीकरी को छोड़कर इसलिए चला गया था कि वहां पेयजल की समस्या थी।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि 'जल जीवन मिशन' के लिए हमारे यहां जैसे चम्बल नदी है, चम्बल नदी का जो पानी है, वह क्लीयर, क्रिस्टल है और पीने योग्य है। उसके लिए शोध की कोई आवश्यकता नहीं है। जनता की यह इच्छा है कि जिस प्रकार आगरा शहर को गंगा के द्वारा गंगा जल मिला है और वहां जल स्तर इतना नीचे चला गया है कि आने वाले समय में अगर हम ओवर हैड टैंक बनाकर पानी देने की व्यवस्था भी करेंगे तो आगे चलकर वे बोरिंग्स फेल हो जाएंगी।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस गम्भीर समस्या को देखते हुए, पेयजल की समस्या को देखते हुए आगरा जनपद के देहात क्षेत्र को 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत चम्बल नदी से पानी देने की कृपा करें। भरतपुर, राजस्थान को भी चम्बल नदी से 150 किलोमीटर दूर तक पानी जा रहा है, मेरे क्षेत्र में तो चम्बल नदी गुजरती ही है। आप कृपया चम्बल नदी से पानी की व्यवस्था करा दें। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।